श्री जी.एस. इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एण्ड साइंस, इन्दौर
(एसजीएसआईटीएस, इन्दौर)
बालक एवं बालिका छात्रावास

23, एम. विश्वैसरैया रोड, इंदौर (एमपी) - 452003
फोन नं. बालक छात्रावास (0731) 2582561, 2582562, बालिका छात्रावास (0731) 2582592, 2582595

(छात्र/छात्राओं एंव पालको से आग्रह है कि इस प्रपत्र को ध्यानपूर्वक पूरा पढें एंव कोर्स के दौरान उपरोक्तानुसार अमल करें)

छात्रावास प्रवेश विधि

प्रथम वर्ष छात्रावास में प्रवेश लेने के इच्छुक विद्यार्थियों को निर्धारित प्रारूप में आफलाइन आवेदन प्रस्तुत करना आवश्यक है भरे हुए आवेदन के साथ उन्हे संस्थान प्रवेश आवंटन पत्रक, संस्थान फीस रसीद, जेईई मेन स्कोर एवं कक्षा 12 वीं की अंकसूची की स्वप्रमाणित फोटोकॉपी संलग्न करना आवश्यक है। मेरिट आधार पर प्रत्येक ब्रांच के लिए निर्धारित सीटों का आवंटन शासन के नियमानुसार प्रदान किया जाता है।

अगले वर्षो में छात्रावास सुविधा का आवंटन

आगामी वर्षो में घटते क्रम में छात्रावास सीटें उपलब्ध है अर्थात प्रथम वर्ष के लिए सबसे ज्यादा, द्वितीय वर्ष के लिए उससे कम, तृतीय वर्ष के लिए द्वितीय वर्ष से कम इत्यादी। अगले वर्ष (द्वितीय वर्ष) छात्रावास प्रवेश के निम्नलिखित नियम है–

(क) **अनुशासन–** जो विद्यार्थी अनुशासनहीनता गतिविधियों में संलग्न पाये जायेगें उन्हे अगले वर्ष छात्रावास आवंटन प्राप्त नही होगा।

(ख) **संस्थान रजिट्रेशन–** विद्यार्थियों का संस्थान में तात्कालिक सेमेस्टर में नियमित विद्यार्थी के रूप में रजिस्ट्रेशन होना आवश्यक है।

(ग) **प्रवीण सूची–** उपलब्ध सीटो पर परीक्षा परिणाम आधारित आवंटन किया जायेगा।

(घ) **छात्रावास ड्यूज–** पिछले वर्ष का कोई भी देय ड्यूज होने पर अगले वर्ष प्रवेश नही दिया जा सकेगा ।

(ड) **सीटो की उपलब्धता–** छात्रावास में किसी भी कारण से सीटों की संख्या में कमी अथवा बढोतरी हो सकती है।